

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से...

1 अक्टूबर, 2022

*प्रिय साथियो,*

1 सितंबर, 2022 को एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात, आपके साथ यह मेरी पहली बातचीत है। यह वास्तव में बहुत बड़ा दायित्व और एक गौरवपूर्ण विशेषाधिकार है। एनएचपीसी मेरी प्रोफेशनल यात्रा की एक अभिन्न हिस्सा रही है और मुझे एनएचपीसी की टीम की उपलब्धियों पर गर्व है। एक टीम के रूप में संगठन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और समर्पण हमारी ताकत रही है। मुझे हमेशा टीम के सभी सदस्यों से बहुत अच्छा सहयोग मिला है और मैं आपके निरंतर समर्थन की आशा करता हूं।

हम अपने पूर्व सीएमडी, श्री अभय कुमार सिंह, जिनका कंपनी और अपने कार्मिकों की बेहतरी के लिए योगदान अनुकरणीय रहा है, को भावनात्मक विदाई देते हैं। उन्हें और उनके परिवार को सुखी और स्वस्थ सेवानिवृत्त जीवन के लिए हमारी शुभकामनाएं।

हमारी निर्माणाधीन परियोजनाओं में कार्य हो या तेजी से व्यापार विकास के माध्यम से प्राप्त की जा रही नई परियोजनाएं हो, एनएचपीसी सभी मोर्चों पर तेजी से प्रगति कर रही है। हम उस चौराहे पर खड़े हैं जहां एनएचपीसी को अपने विभिन्न लक्ष्यों की दिशा में निरंतर प्रगति के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता की आपेक्षा होगी। मुझे यह कहते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि जलविद्युत विकास के लिए हमारे पास उत्कृष्ट अनुभव और कार्य कुशलता है। मुझे विश्वास है कि हम सभी संयुक्त रूप से अपने संसाधनों और प्रतिभा का अधिकतम स्तर तक लाभ उठाएंगे और एनएचपीसी को और अधिक प्रतिष्ठित करेंगे। मैं आप सभी कार्मिकों को एनएचपीसी प्रबंधन के समर्थन की पुष्टि करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि आप अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से एनएचपीसी  की प्रगति में योगदान देते रहें।

एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण के पश्चात, मैंने श्री आर. के. सिंह, माननीय मंत्री, विद्युत एवं नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा, श्री अलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार और श्री रघुराज माधव राजेंद्रन, संयुक्त सचिव (हाइड्रो), भारत सरकार से 5 सितंबर, 2022 को शिष्टाचार भेंट की। मैंने माननीय विद्युत मंत्री, सचिव (विद्युत) और संयुक्त सचिव (हाइड्रो) को आश्वासन दिया कि एनएचपीसी सर्वोत्तम प्रयास करती रहेगी और यह निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि नेपाल में कार्यनीतिक जलविद्युत परियोजनाओं को विकसित करने के लिए एनएचपीसी की असाधारण पहल हेतु 14 सितंबर 2022 को आपके उत्कृष्ट और उल्लेखनीय प्रयासों के लिए एनएचपीसी को नेपाल के सम्माननीय प्रधान मंत्री, श्री शेर बहादुर देउबा से टोकन ऑफ एप्रीशीऐशन प्राप्त हुआ है। 23 सितंबर, 2022 को काठमांडू (नेपाल) में आयोजित जल संसाधन संयुक्त समिति की 9वीं ( जेसीडबल्यूआर) की बैठक के दौरान, नेपाल में जलविद्युत के विकास के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, मैंने 24 सितंबर 2022 को नेपाल के सम्माननीय प्रधान मंत्री से भेंट कर उन्हे वेस्ट सेती जलविद्युत परियोजना के सर्वेक्षण और अन्वेषण कार्यों की स्थिति के बारे में अवगत कराया ।

मुझे यह बताते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि एनएचपीसी को 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्षेत्र 'क' में 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' के अंतर्गत 'द्वितीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। माननीय गृह राज्य मंत्री, श्री निशिथ प्रामाणिक से 14 सितंबर, 2022 को सूरत, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस समारोह के दौरान एनएचपीसी की ओर से मैंने यह पुरस्कार प्राप्त किया । इस अवसर पर माननीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे। मैं इस उपलब्धि के लिए आप सभी को बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि हम सब  राजभाषा को समृद्ध करने के लिए प्रयास करते रहेंगे और कंपनी में इसका व्यापक उपयोग सुनिश्चित करेंगे।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएं हैं:**

- रंगित IV जलविद्युत परियोजना के पावर हाउस ईओटी क्रेन का इरेक्शन दिनांक 07.09.2022 को पूरा किया गया।
- सीएसआर नीति के अंतर्गत, एनएचपीसी ने 09.09.2022 को सरखेज, गुजरात में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए शैक्षिक परिसर छात्रावास की इमारत की फर्निशिंग के लिए शिक्षा विकास सेवा ट्रस्ट के साथ तथा शिक्षा, विशेष शिक्षा और रोजगार क्षमता को बढ़ाने वाले व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोठामंगलम, एर्नाकुलम, केरल में विवेकानंद विद्यालय में बालवाड़ी (किन्डरगार्टन) के विकास के लिए सेवा किरण चैरिटेबल सोसाइटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है ।
- नूंह, हरियाणा में ग्रामीण लोगों के स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए दिनांक13.09.2022 को बिस्नोली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के सहयोग से 5वें नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
- हिन्दी पखवाड़ा (14 से 29 सितंबर, 2022 तक) निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और इकाइयों में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया जिसमें कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।
- बाबा श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर दिनांक 17.09.2022 को निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और इकाइयों में श्री विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया।
- दिनांक 17.9.2022 से 01.10.2022 अर्थात राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस तक निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और इकाइयों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए ।
- "मध्यस्थ खरीदार के रूप में" एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा मेसर्स अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को अवार्ड की गई 320 मेगावाट की आईएसटीएस से जुड़ी सौर पीवी विद्युत परियोजना में से 153.6 मेगावाट की आंशिक कमीशनिंग ।
- पकल दुल जलविद्युत परियोजना के एमआईवी केवर्न में ईओटी क्रेन का इरेक्शन 26.09.2022 को पूरा हुआ।
- विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 26.09.2022 को एनएचपीसी लिमिटेड और आईआईटी जम्मू के बीच समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए।
- माह सितंबर, 2022 के दौरान राजस्व संग्रह 757.32 करोड़ रुपए और सितंबर, 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 4155 करोड़ रुपए है।
- सितंबर, 2022 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 18303.4 मिलियन यूनिट रहा है।

हाल ही में, मानसून के अंत में आई भारी बाढ़ से सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना में चल रहे कार्य बाधित हुए है। दिनांक 26.09.2022 को पावर हाउस साइट पिट में भारी बाढ़ का पानी आ गया लेकिन हमारी सभी मशीनें सुरक्षित हैं। जल निकासी सहित सभी सुरक्षा उपाय किए गए हैं। स्थिति का आंकलन करने के लिए, मैंने दिनांक 27.09.2022 से 30.09.2022 तक सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना का दौरा किया और कार्यों को शीघ्र शुरू करने सहित लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में निष्पादन एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ परियोजना अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। अतीत में भी हमने परियोजना के कार्यान्वयन में आने वाली कई बाधाओं को दूर किया है और मुझे आशा है कि हमारी टीम की सामर्थ्यता और प्रतिबद्ध दृष्टिकोण से हम जल्द ही इस चुनौती पर विजय प्राप्त कर लेंगे। मैं सभी निष्पादन एजेंसियों सहित परियोजना टीम के प्रयासों और समर्पण की सराहना करता हूं, जो समय पर कार्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मैं नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, मिलाद-उन-नबी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज और छठ पूजा के शुभ अवसर पर आपको और आपके परिवार के सदस्यों को बधाई देता हूं।

आपका,

**(वाई.के. चौबे)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**



# From CMD's Desk...

$1^{st}$ October 2022

*Dear Colleague,*

This is my first interaction with you after I took charge as Chairman and Managing Director of NHPC on $1^{st}$ September 2022. It is indeed a proud privilege and great responsibility. NHPC has been an integral part of my professional journey and I am proud of the achievements of team NHPC. Our strength as a team has been our commitment and dedication towards the organization. I have always received great cooperation from all the team members and I look forward to your continued support.

We bid a warm farewell to Shri Abhay Kumar Singh our Ex-CMD whose contribution for the betterment of the Company and its employees has been exemplary. Our best wishes to him and his family for happy and healthy retired life.

NHPC has picked up momentum on all fronts be it work in our ongoing projects or new projects being acquired through rapid business development. We are standing at crossroads where NHPC will require your deepest commitment to steadily progress towards its various targets. I am proud to say that we possess the best experience and skill as far as hydropower development is concerned. I am sure that all of us will jointly leverage our resources and talent to the maximum level and take NHPC to greater heights of glory. I reaffirm the support of NHPC management to every one of you and further request you to keep on contributing to NHPC with your hard work and dedication.

After assuming the charge of the CMD, NHPC, I paid courtesy visit to Shri R. K. Singh, Hon'ble Minister, Power and New & Renewable Energy, Shri Alok Kumar, Secretary (Power), Government of India and Shri Raghuraj Madhav Rajendran, Joint Secretary (Hydro), Government of India on $5^{th}$ September 2022. I assured the Hon'ble Minister of Power, Secretary (Power) and Joint Secretary (Hydro) that NHPC will continue to put in best efforts and is committed towards achieving the set targets on time.

You will be delighted to know that in due recognition of your outstanding and remarkable efforts, NHPC has received a Token of Appreciation from Rt. Hon'ble Prime Minister of Nepal, Shri Sher Bahadur Deuba on $14^{th}$ September 2022 towards NHPC's valuable initiatives to develop strategic hydroelectric projects in Nepal. During the $9^{th}$ Joint Committee on Water Resources (JCWR) meeting held on $23^{rd}$ September 2022 at Kathmandu (Nepal), various issues were discussed for the development of hydropower in Nepal. Further, I met Rt. Hon'ble Prime Minister, Nepal on $24^{th}$ September 2022 and apprised him about the status of survey and investigation works of West Seti Hydroelectric Project.

I am also very glad to inform that NHPC has been awarded 'Second Prize' under 'Rajbhasha Kirti Puruskar' in Region 'A' by Ministry of Home Affairs, Govt. of India, for the year 2021-22 under 'Rajbhasha Kirti Puruskar' scheme. I received the award on behalf of NHPC from Hon'ble Minister of State for Home Affairs, Shri Nisith Pramanik during Hindi Diwas ceremony organized at Surat, Gujarat on $14^{th}$ September 2022. Hon'ble Minister of State for Home Affairs, Shri Ajay Kumar Mishra was also present on the occasion. I congratulate all of you

for this achievement and hope that we continue to make efforts in enriching the official language and ensure its widespread use throughout the company.

**Other Highlights of the month are:**

- Erection of Power house EOT crane of Rangit IV HE Project was completed on 07.09.2022.
- Under the CSR policy, NHPC signed MoU on 09.09.2022 with Shikshan Vikas Sewa Trust for furnishing educational complex hostel building for Scheduled Caste students at Sarkhej, Gujarat and with Seva Kiran Charitable Society for development of Kindergarten at Vivekananda Vidyalaya in Kothamangalam, Ernakulam, Kerala with the objective of promoting vocational skills that enhance education, special education and employability.
- 5$^{th}$ free medical camp was organized in collaboration with Bisnoli Sarvodaya Gramodyog Seva Sansthan to enhance the health and immunity of rural people in Nuh, Haryana on 13.09.2022.
- Hindi Pakhwada (14$^{th}$-29$^{th}$ September 2022) successfully organized at Corporate Office, Regional Offices, Power Stations, Projects and Units in which the employees participated enthusiastically.
- On the occasion of Baba Shri Vishwakarma Jayanti on 17.09.2022, Shri Vishwakarma Puja was celebrated at Corporate Office, Regional Offices, Power Stations, Projects and Units.
- Blood donation camp organized at Corporate Office, Regional Offices, Power Stations, Projects and Units from 17.9.2022 to 01.10.2022 i.e. National Voluntary Blood Donation Day.
- Part commissioning of 153.6 MW out of 320 MW ISTS connected Solar PV Power Project awarded by NHPC Limited "as Intermediary Procurer" to M/s Avaada Energy Pvt. Ltd.
- Erection of EOT crane in MIV cavern of Pakal Dul HEP completed on 26.09.2022.
- A Memorandum of Agreement (MoA) was signed between NHPC Limited and IIT Jammu on 26.09.2022 to promote R&D activities in the field of Science, Engineering and Technology.
- The revenue collection during the month of September 2022 stood at Rs. 757.32 crores and the total cumulative revenue collection up to September 2022 was Rs. 4155 crores.
- The total cumulative generation of all NHPC Power Stations stood at 18303.4 Million Units at the end of September 2022.

Recently, we had a high flood at terminal end of monsoon at the Subansiri HE Project where the ongoing works had interrupted. Due to high flood water entered in the Powerhouse site pit on 26.09.2022 but all our vulnerable machine are safe. All protection measures including dewatering has been taken up. To assess the situation, I visited Subansiri HE Project from 27.09.2022 to 30.09.2022 and held detailed discussions with Project authorities including representatives of executing agencies regarding achieving the targets including the early restoration works. In the past too we have overcome many hurdles faced in the implementation of the project and I am sure that with our team strength and committed approach we shall soon overcome this challenge too. I appreciate the efforts and dedication of project team including all executing agencies, who are committed to accomplish the task in time.

I convey my greetings to you and your family members on the auspicious occasions of Navratri, Durga Pooja, Dussehra, Milad-un-nabi, Deepavali, Govardhan Pooja, Bhai Duj and Chhath Pooja.

Sincerely Yours,

Chaubey

**(Y.K. Chaubey)**
**Chairman & Managing Director**